सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–3

राज्यपाल ने ''बाल दिवस'' की बधाई दी है।

राजभवन देहरादून 13 नवम्बर, 2024

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने प्रदेशवासियों को, विशेष रूप से बच्चों को ''बाल दिवस'' की बधाई दी है। उन्होंने भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का भावपूर्ण स्मरण करते हुए अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है।

पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा कि बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा और उन्हें बेहतर शिक्षा तथा स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना हमारा नैतिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि बच्चों का सही विकास ही एक मजबूत और समृद्ध समाज की नींव रखता है। राज्यपाल ने समाज के सभी लोगों से आग्रह किया कि वे वंचित वर्गों के बच्चों को भी आगे बढ़ने के अवसर देने में सहयोग करें।

राज्यपाल ने आशा जताई कि उत्तराखण्ड और देश के सभी बच्चे शिक्षित हों और उनका भविष्य उज्ज्वल, स्वस्थ और सुरक्षित हो। उन्होंने सभी बच्चों के सफल और खुशहाल जीवन की कामना की।

............0............